अमर उजाला

26.10.2018

आईआईटी बीएचयू पहुंची टीमें, खेल समारोह आज से

पैरा ओलंपियन दीपा मलिक, हॉकी खिलाड़ी सरदार सिंह करेंगे उद्घाटन

अमर उजाला ब्यूरो

वाराणसी। आईआईटी बीएचयू में तीन दिवसीय वार्षिक खेल समारोह स्पर्धा 2018 में भाग लेने के लिए गुरुवार को टीमें पहुंच गईं। समारोह का औपचारिक उद्घाटन 26 अक्तूबर को होगा।

क्रिकेट, फुटबाल की कुछ प्रतियोगिताएं गुरुवार को शुरू हो गईं। 28 अक्तूबर तक 21 प्रतियोगिताओं में देश की विभिन्न आईआईटी, विश्वविद्यालयों, कॉलेजों के 2000 प्रतिभागी अपना कौशल दिखाएंगे।

शुक्रवार शाम को चार बजे पैरा ओलंपियन दीपा मलिक, भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान सरदार सिंह समारोह का उद्घाटन शाम चार बजे करेंगे। इस दौरान भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी सुषमा वर्मा भी मौजूद रहेंगी। समारोह को लेकर छात्र-छात्राओं की ओर से आईआईटी परिसर को रंग बिरंगे कागजों, बत्तियों से सजाया गया है।

गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में स्पर्धा संयोजक सौरभ कुमार मीणा और जनसंपर्क टीम की सदस्य इंशिता हंगर ने बताया कि समारोह के लिए आईआईटी दिल्ली, खड़गपुर, धनबाद, कानपुर, इलाहाबाद और एनआईटी त्रिची सहित अन्य टीमें प्रतिभाग करेंगी।

इस दौरान वॉलीबाल, बास्केटबॉल, खो-खो, टेबल टेनिस, मुक्केबाजी, भारोत्तोलन, मुक्केबाजी सहित अन्य प्रतियोगिताएं होंगी। 28 अक्तूबर को समापन समारोह में कुश्ती में ओलंपियन सुशील कुमार और कुंजरानी देवी मौजूद रहेंगी।

गुरुवार को आईआईटी बीएचयू में स्पर्धा की तैयारी।

आईआईटी बीएचयू में जिमखाना ग्राउंड पर स्पर्धा में क्रिकेट खेलते छात्र।